# OP JINDAL SCHOOL, PATRATU
# QUESTION BANK OF PT-I

**CLASS: VII** **SUBJECT: HINDI**

**बहुवैकल्पिक प्रश्न :**

1. 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता में किसका वर्णन है ?

i) पशुओं का ii) मनुष्य का iii) पक्षियों का iv) पर्वतों का

2. पक्षी क्या चाहते हैं ?

i) आजादी ii) अच्छा भोजन

iii) घर में रहना iv) सोने की कटोरी में भोजन करना

3. 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता किसके द्वारा लिखी गई है ?

i) सुमित्रानंदन पंत ii) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

iii) शिवप्रसाद सिंह iv) रामधारी सिंह दिनकर

4. 'कनक' का यहाँ क्या अर्थ है ?

i) सोना ii) कटोरी iii) लकड़ी iv) पत्ता

5. लेखक ने हिमालय पर्वत से निकलने वाली नदियों का किस रूप में वर्णन किया ?

i) पुत्र के रूप में ii) बेटियों के रूप में iii) पिता के रूप में iv) उपरोक्त सभी

6. लेखक को समतल मैदान में नदियाँ कैसी दिखाई दी ?

i) छोटी ii) विशाल iii) लम्बी iv) चौड़ी

7. कहाँ जाकर नदियों का उछालना-कूदना कम हो जाता है ?

i) सागर में ii) मैदानों में iii) जंगलों में iv) इनमें से कोई नहीं

8. हिमालय को किसका ससुर कहा गया है ?

i) सागर का ii) नदियों का iii) धरती का iv) मैदानों का

9. महाराज शांतनु कहाँ के राजा थे ?

i) अयोध्या के ii) हस्तिनापुर के iii) इन्द्रप्रस्थ के iv) चितौड़ के

10. गंगा किसकी पत्नी थी ?

i) शांतनु ii) परशुराम iii) देवव्रत iv) वेदव्यास

11. पांडवों ने राज्य किसको सौंपा था ?

i) राजा दुर्योधन को ii) राजा परीक्षित को iii) राजा दधीची को iv) राजा कर्ण को

12. कौरवों ने कहाँ पर राज किया था ?

i) इन्द्रप्रस्थ ii) हस्तिनापुर iii) अयोध्या iv) मगध

13. अचानक राजा के सामने कौन आई थी ?

i) गंगा ii) यमुना iii) सरस्वती iv) उपरोक्त सभी

14. गंगा के पुत्र का नाम क्या था ?

i) केवराज ii) चित्रांगद iii) देवव्रत iv) अर्जुन

15. देवव्रत ने किससे शिक्षा ग्रहण की थी ?

i) आचार्य परशुराम ii) महर्षि वशिष्ठ iii) महर्षि वेदव्यास iv) महर्षि दुर्वासा

16. दुर्योधन ने भीम के भोजन में क्या मिला दिया था ?

i) चीनी ii) विष iii) पानी iv) घी

17. भाषा के कितने रूप होते है ?

i) दो ii) चार iii) तीन iv) पांच

18. हमें किसके द्वारा भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान होता है ?

i) शब्द ii) लिपि iii) व्याकरण iv) वाक्य

19. हिंदी में स्वर कितने होते हैं ?

i) ग्यारह ii) तेरह iii) पंद्रह iv) सात

20. क्ष, त्र, ज्ञ तथा श्र ----------हैं l

i) संयुक्त व्यंजन ii) स्वर iii) अनुस्वार iv) अनुनासिक

**21. <u>निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उत्तर लिखें :</u>**

आज से 5-6 हजार वर्ष पहले सिंधु घाटी में एक सभ्यता अत्यंत विकसित हुई। यह सभ्यता दक्षिण में काठियावाड़ और पश्चिम में मकरान से हिमालय तक फैली हुई थी। खुदाई में जिन दो बड़े नगरों के अवशेष मिले हैं, उनके नाम हड़प्पा और मोहनजोदड़ो हैं। इन अवशेषों से पता चलता है कि उस नगर की योजना बहुत उत्कृष्ट थी। सिंधु घाटी के लोगों की आजीविका का आधार कृषि था। वे मुख्यतः गेहूँ और जौ की पैदावार करते थे। मोहनजोदड़ो और हड़प्पा में खजूर की गुठलियाँ भी प्राप्त हुई हैं और मोहरों पर गाय, बैल तथा भैंस की आकृतियाँ अंकित हैं। इससे प्रमाणित होता है कि वे लोग इन पशुओं को बहुतायत से पालते थे। वे अपने जीवन-यापन के लिए उनके घी, दूध और मांस का प्रयोग करते थे। इसी प्रकार वे भेड़, बकरी, हाथी तथा सूअर पालते थे, जो उनके जीवन-निर्वाह में सहायक थे। संभवतः इस युग में सिंधु घाटी में ऊँट नहीं था, किंतु घोड़े और गधे थे।

(क) सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक फैली थी ?

(i) काठियावाड़ से मोहनजोदड़ो तक। (ii) हड़प्पा से काठियावाड़ तक

(iii) काठियावाड़ से मकरान तक (iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) सिंधु घाटी की खुदाई में इन नगरों के अवशेष मिले हैं-

(i) मोहनजोदड़ो और मकरान (ii) हड़प्पा और मकरान

(iii) मकरान और काठियावाड़ (iv) मोहनजोदड़ो और हड़प्पा

(ग) सिंधु घाटी के लोगों की जीविका का आधार था-

(i) पशु-पालन (ii) कृषि (iii) व्यापार
(iv) उद्योग

(घ) सिंधु घाटी में कौन-सा पशु नहीं था?

(i) गधा (ii) घोड़ा (iii) ऊँट (iv) भैंस

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक है-

(i) सिंधु घाटी की सभ्यता (ii) हड़प्पा की सभ्यता

(iii) मोहनजोदड़ो और पशु-पालन (iv) प्राचीनकाल

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

22. हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते?
23. सिंधु और ब्रहापुत्र की क्या विशेषता बताई गई हैं?
24. पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छा पूरी करना चाहते हैं?
25. काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?
26. भाव स्पष्ट कीजिए -या तो क्षितिज मिलन बन जाता/या तनती साँसों की डोरी l
27. नदियों को माँ मानने की परंपरा हमारे यहाँ काफ़ी पुरानी है l लेकिन लेखक नागार्जुन उन्हें और किन रूपों में रूपों में देखते हैं?
28. हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन-किन की प्रशंसा की है ?
29. देवव्रत का नाम भीष्म क्यों पड़ा ?
30. दुर्योधन ने नशे में पड़े भीम के साथ क्या किया?
31. दुर्योधन ने जल क्रीड़ा का प्रबंध किस मनसा से की ?
32. परशुराम ने कर्ण को शाप क्यों दिया ?
33. कर्ण एक दानवीर था l सिद्ध कीजिए l
34. इंद्र को किस बात का डर था ?
35. पैदा होते ही गंगा अपने पुत्रों के साथ क्या किया करती थी ?
36. गंगा राजा शांतनु को छोड़कर वापस क्यों चली गई ?
37. शांतनु के सामने पत्नी बनने के लिए गंगा ने क्या शर्त रखी थी ?
38. अपने पुत्रों को नदी की धारा में बहाने के बाद गंगा कहाँ जाती थी ?
39. पिंजरे में पक्षियों को क्या-क्या कष्ट है ?
40. पक्षियों के सपने और अरमान क्या होते हैं ?

**पत्र लेखन :**

41. विद्यालय छोड़ने का प्रणाम-पत्र प्राप्त करने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखें l
42. वन विभाग अधिकारी को अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण का सुझाव देते हुए पत्र लिखिए l
43. आपके मामाजी ने नया घर लिया है,बधाई देते हुए पत्र लिखिए l
44. अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखकर अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव का वर्णन कीजिए l

**<u>अनुच्छेद लेखन :</u>**

45. **’मोबाइल के दुरुपयोग’** विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए l

46. **’पेट्रोल की बढ़ती कीमतें’** विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए l

47. **’भारत के गाँव’** विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए l

**<u>निबंध लेखन :</u>**

48. **‘डिजिटल इंडिया’** विषय पर एक निबंध लिखें l

49. **‘कुशल भारत (स्किल इंडिया)’** विषय पर एक निबंध लिखें l

50. **‘वन-संपदा की करो रक्षा’** विषय पर एक निबंध लिखें l

*****